# राष्ट्रीय मीडिया फैलोशिप कार्यक्रम

18th



"अनसुनों का आवाज़ देने का एक प्रयास"

भारतीय प्रतिष्ठान
NATIONAL FOUNDATION FOR INDIA

प्रिन्ट व फोटो पत्रकारों के लिए

*नैशनल फाउण्डेशन फॉर इंडिया (एन.एफ.आई.) युवा, कार्यरत पत्रकारों के लिए एक मीडिया फैलोशिप कार्यक्रम संचालित करता है। फैलोशिप उन्हें अपने दैनिक बीट्स से समय निकालकर विभिन्न सामाजिक मुद्दे जो कि अल्प अधिकार तथा शोषित तबके से सरोकार रखते हैं तथा जिन्हें समाज के एजेण्डा पर प्राथमिकता से होना चाहिए, लेकिन विभिन्न कारणों से उचित वर्णन नहीं मिल पाता, उन पर शोध कर लेख तथा छाया चित्र निबन्ध प्रकाशित करने का अवसर प्रदान करता है। फैलोशिप इन मुद्दों पर गहन शोध, सृजनात्मक कार्य क्षेत्र अनुसंधान तथा लोकनीति एवं सामाजिक चेतना पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए, उन पर समुचित गुणात्मक एवं परिमाणात्मक साक्ष्य के साथ लेखन के लिए सहायता प्रदान करती है।*

*इस वर्ष प्रिन्ट पत्रकारों तथा फोटो पत्रकारों को फैलोशिप प्रदान की जाएगी।*

## प्रिन्ट

1. भारत में सामाजिक विकास के विस्तृत मुद्दों पर लिखने के लिए सामान्य श्रेणी में प्रिन्ट पत्रकारों के लिए तीन फैलोशिप प्रदान की जायेगी। इस फैलोशिप के तहत क्रमशः स्वास्थ्य, शिक्षा, सामुदायिक स्वामित्व तथा प्राकृतिक संसाधन, आजीविका सुरक्षा, शहरी गरीबी एवं शांति और न्याय सहित भारत में सामुदायिक विकास में युवाओं और स्वच्छता की भागीदारी में महिलाओं की भूमिका पर आधारित लेख आमंत्रित किए जाते हैं।
2. शिशु जीवन रक्षा के साथ साथ उत्तरप्रदेश और राजस्थान में स्वास्थ्य और पोषण के मुद्दों पर लिखने के लिए सेव द चिल्ड्रेन के सहयोग से प्रिन्ट पत्रकारों को दो फैलोशिप से सम्मानित किया जायेगा।
3. संयुक्त राष्ट्र महिला के सहयोग से एक प्रिन्ट फैलोशिप। इस फैलोशिप के तहत महिलाओं से संबंधित विषयों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उनके खिलाफ हिंसा, महिलाओं के राजनीति और आर्थिक भागीदारी पर लेख व प्रकाशित आलेखों को आमंत्रित किया जाता हैं।
4. ऐक्शन ऍड द्वारा प्रायोजित दो फेलोशिप्स प्रिन्ट पत्रकारों को शांति और न्याय एवं भारत में सामुदायिक विकास में युवाओ की भागीदारी जैसी विषयों पर शोध एवं लेख प्रकाशित करने हेतु प्रदान की जाएँगी।

## फोटोग्राफी

1. संयुक्त राष्ट्र महिला के सहयोग से महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर कार्य कर रहे फोटो जर्नलिस्ट के लिए एक फैलोशिप

छोटे तथा क्षेत्रीय भाषाओं के प्रकाशन, मैट्रो क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों में निवास करने वाले पत्रकारों को आवेदन करने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाता है। महिला पत्रकार विशेष रूप से आमंत्रित हैं। समाज में हाशिए पर जीने वाले तथा अल्प सुविधा प्राप्त लोगों के विकास संबंधित मुद्दों पर प्रदर्शित प्रतिबद्धता वांछित है।



## उद्धेश्य

- मीडिया में स्थानीय तथा राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर अधिक जागरूकता स्थापित करना।
- लोक केन्द्रित विकास के सहयोग हेतु लिए जाने वाले सकारात्मक उपायों के लिए जनमत को सशक्त करना।
- मीडिया कर्मियों में विकास के मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की प्रक्रिया को सहज करना।
- प्रभावी संचार को बढ़ावा देना जिससे कि विकास के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया जा सके।
- एक अधिक जागरूक विकास नीति संवाद को सहज करना।

## विषय

आम भारतीयों को विशेष तथा आवश्यक लगने वाले अनेकों मुद्दे, एक बेहतर जीवन के लिए उनकी लड़ाई, तथा विभिन्न विकास संबंधित मुद्दे जिनमें सामुदायिक स्वास्थय, प्रारम्भिक शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका सुरक्षा, स्थानीय शासन, शांति एवं न्याय तथा लिंग समानता सम्मिलीत हैं।

## समयावधि

एक वर्ष।

## पात्रता के मानदण्ड

किसी भी क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय दैनिक तथा संबंधित मीडिया के पत्रकारों के लिए फैलोशिप्स खुली है। प्रेस में नियमित योगदान देने वाले स्वतंत्र पत्रकारों को भी आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

- प्रारम्भिक से मध्य करियर में पदस्थ पत्रकार, तथा 5-7 साल का पेशेवर अनुभव। ऊपरी आयु सीमा - 40 वर्ष है।
- यह फैलोशिप किसी अन्य फैलोशिप अथवा किसी तरह के अन्य वित्तीय सहयोग के साथ देय तथा मान्य नहीं है।

## आवेदन के लिए मार्ग-दर्शन

फैलोशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन अंग्रेजी में अथवा किसी भी भारतीय भाषा में किया जा सकता है। आवेदकों को अपने आवेदन में निम्नांकित को शमिल करना आवश्यक है।

- एक संक्षिप्त बायो डेटा जिसमें कि कार्यानुभव, शैक्षणिक योग्यताएं तथा पिछले तीन वर्ष में प्राप्त अवार्ड एवं फैलोशिप्स का वर्णन हो।
- लगभग 1000 शब्दों का प्रस्ताव जिसमें कि आवेदक द्वारा चुने गये विषय का वर्णन हो। इसमें अध्ययन क्षेत्र की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति, अध्ययन प्रक्रिया, चुने गये विषय की प्रासंगिकता, तथा देश में चल रही विकास के मुद्दे पर व्यापक बहस में उचित योगदान देने में समर्थता का वर्णन हो। कृपया संचार की भाषा का उल्लेख अवश्य करें।
- उपरोक्त वर्णित लिखित प्रस्ताव के साथ, फोटो पत्रकारों को परियोजना से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित 10-15 फोटोज़ (न्यूनतम प्रिन्ट साईज 8 इन्च x 10 इन्च) प्रस्तुत करने होंगे। प्रस्तुत फोटोग्राफ्स उच्च फोटोग्राफी स्तर की होनी चाहिए तथा आवेदक की फोटोग्राफी की भाषा पर पकड़ व्यक्त करने में सक्षम हों। आवेदकों को अपने चुने गये कार्य के फोटोज़ जमा कराना अनिवार्य है। ये सभी फोटोग्राफ आवेदकों को लौटा दिए जाऐंगे।
- प्रिन्ट पत्रकारों को अपने पांच प्रकाशित लेखों की क्लीपिंग तथा फोटो पत्रकारों को पांच प्रकाशित फोटोग्राफस की क्लीपिंग आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। इनमें से तीन नवीनतम तथा दो अन्य लेख/फोटो आवेदक की स्वयं की पसन्द के हो सकते हैं।
- सभी लेखों/फोटोग्राफ्स के साथ बाइलाईन अवश्यक होनी चाहिए।
- दो संदर्भ व्यक्तियों के पते, फोन नम्बर/ फैक्स नम्बर के साथ आवेदक के प्रस्ताव पर संपादक का सहमति पत्र।
- स्वतंत्र पत्रकारों को उनके कार्य से परिचित संपादक अथवा मीडिया व्यक्तित्व के दो अनुशंसा पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
- सभी आवेदन टाईप्ड होने चाहिए। हस्तलिखित एवं अधूरे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाऐंगे।





## सामान्य

- प्रत्येक फैलोशिप जिसमें कि मानदेय यात्रा तथा आक्सिमक अनुदान सम्मिलित है, का मूल्य रूपये एक लाख है।
- चयनित प्रिन्ट पत्रकार फलौज़ से अपेक्षित है कि वे फलोशिप की समायवधि के दौरान कम से कम 10 लेख प्रकाशित करेंगे तथा फोटो पत्रकार चयनित विषय पर यथोचित संख्या में फोटोग्राफ्स प्रकाशित करेंगे। इनमें से कम से कम तीन लेख अथवा फोटो निबन्ध महान शोध पर आधारित होने चाहिए।
- फैलोशिप की समयावधि के अन्त में फोटो पत्रकारों से अपेक्षित है कि वे अपनी फोटोग्राफ्स की प्रदर्शनी लगाऐंगे। प्रदर्शनी लगाने की अतिरिक्त लागत एन.एफ.आई द्वारा वहन की जाएगी।
- एन.एफ.आई. को यह अधिकार होगा कि फैलोशिप कार्यक्रम से उत्पन्न लेखों/फोटोग्राफ्स का आंशिक अथवा पूर्ण उपयोग अपने किसी भी प्राकशन में बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के कर सकेगा।
- एन.एफ.आई मीडिया फैलोशिप कार्यक्रम द्वारा गिये गये सहयोग का उचित आभार सभी लेखों/रचनाओं/फोटोग्राफ्स में प्रकट करना अपेक्षित है।
- एन.एफ.आई रचनाओं/फोटो निबन्ध के व्यापक प्राकशन में सहायता करेगा तथा व्यापक प्रसार के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद की भी सहायता करेगा।
- सभी कार्यो का कॉपीराइट तथा स्वामित्व फैलोशिप प्राप्तकर्ता के पास रहेगा।

फाउण्डेशन सिर्फ फैलोशिप कार्यक्रम के लिए चयनित आवेदकों से ही संपर्क करेगा।



## वर्ष 2011-12 के राष्ट्रीय मीडिया फैलोज तथा उनके शोध विषयः

- **शोभा एसवी,**
  *बीपीएल और मुंबई में शहरी गरीबों*
- **रेशमा जतहर,**
  *रत्नागिरी में पारंपरिक तरीको से मछली पकड़ने और समुद्री संसाधनों पर सामुदायिक स्वामित्व*
- **अमरज्योति बोरा,**
  *प्राकृतिक संसाधनों पर सामुदायिक स्वामित्व*
- **विनीता कुमारी जायसवाल,**
  *स्वच्छता और मलिन बस्ती की महिलाएं*
- **प्रदीप बैसाख,**
  *शिक्षा का अधिकार और प्रवासी बच्चे*
- **देव प्रकाश चौधरी,**
  *संथाल परगना में संथाल लड़कियों के स्कूल छोड़ने के कारण*
- **संदीप कुमार,**
  *बिरहोर जनजाति में बच्चों की शैक्षिक स्थिति*
- **दिलीप कुमार शर्मा,**
  *मेघालय के कोयले खदानों में फँसे बच्चे*
- **अनुमेहा यादव,**
  *आधुनिक भारत में बंधुआ मजदूर*
- **जीशा एलिजाबेथ,**
  *घरेलू पुरुष की तस्करी (देश में पुरुष की तस्करी में वृद्धि, उसके परिणामों और समाधान)*
- **स्वीम्मी श्रीवास्तव,**
  *गरीबी और तम्बाकू के बीच संबंध*
- **हरिकृष्णा कत्रगढ़ा,**
  *हिमाचल प्रदेश में एक छोटे से गाँव "मलाना" में युवा और संस्कृति पर दस्तावेज*
- **आदिल हसन,**
  *फोटोग्राफर, निजी संसार*



## राष्ट्रीय मीडिया फैलोशिप चयन समिति।

**फैलोशिप के चयन के लिए मीडिया विशेषज्ञों की एक उत्कृष्ट समिति, फाउण्डेशन का अपनी सलाह देती है।**

प्रिन्ट पत्रकार चयन समिति

- **निर्मला लक्ष्मण (संयोजक)**
- **डी.एन. बेजबरूआ**
- **के. कुन्हीकृष्णन**
- **पी. साईनाथ**
- **उषा राय**
- **बी.पी. संजय**
- **हरीवंश**
- **एच.के. दुआ**
- **भास्कर घोष**
- **सुशीला रविन्द्रनाथ**

## फोटा पत्रकार चयन समिति

- **रघु राय**
- **प्रशान्त पंजियर**
- **पाबलों बारथालोमीयू**

## सभी आवेदन एनफ.एफ.आई. कार्यालय में 30 नवम्बर 2012 तक पहुँच जाने चाहिए।

**फाउण्डेशन को अपनी गतिविधियों तथा मीडिया फैलोशिप कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देने में अत्यन्त प्रसन्नता होगी।**

*PHOTO CREDIT: NFI PHOTO FELLOWS*

भारतीय प्रतिष्ठान
NATIONAL FOUNDATION FOR INDIA


कृपया लिखें:
**मिनी सिंह**
**नेशनल फाउण्डेशन फॉर इण्डिया**
कोर 4ए, अपर ग्राउण्ड फ्लोर
इण्डिया हैबीटैट सेन्टर, लोधी रोड,
नई दिल्ली 110003
फोन: 2464-1864/65,
24648490/91;
फैक्स: 2464 1867
ई-मेल: mini@nfi.org.in; info@nfi.org.in
वेबसाईट: www.nfi.org.in


*DESIGNED AND PRINTED BY SUREKHADIGIPACK*